Fertigation

Fertiflow®

फर्टिफ्लो बनाना II

केले की फसल के लिए कैल्शियम के साथ पोटेशियम वाली खाद

10	14	34	4
N	P_2O_5	K_2O	CaO

विवरण

फर्टिफ्लो बनाना-II 10-14-34+4CaO फर्टिफ्लो फर्टिलाइजर्स का एक फसल (केला) विशिष्ट संस्करण है। इसके फॉर्मूला में कैल्शियम ऑक्साइड मिलाया गया है जो केले की फसल के स्वस्थ गुच्छों के निर्माण के लिए एक आवश्यक पोषक तत्व है। यह खाद ना केवल वर्तमान फसल चक्र में उपयोग हेतु पोटाश की सामान आपूर्ति सुनिश्चित करता है बल्कि अगले वर्ष के रोपण के लिए मिट्टी में पोटाश भंडारण भी करता है। इसके अलावा, इसमें नाइट्रोजन बनाम पोटेशियम का अनुपात कम है जिसके कारण फूलों और फलों का सूख कर गिरना कम होता है अतः यह उनकी संख्या को बरकरार रखता है। इस प्रकार प्रति-हाथ गुच्छों की संख्या और केले के कुल उपज में वृद्धि होती है।

सम्बंधित तकनीक

पैकेसीड तकनीक

यह तकनीक फॉस्फोरिक एसिड के फायदे और दक्षता के समावेश के साथ ही एक ठोस क्रिस्टलीय स्वरुप में उपलब्ध होने की सहजता और सुरक्षा प्रदान करता है। कृषि के लिए पारंपरिक तरीके से उपयोग में लाये जाने वाले तकनीकी अम्लों की जगह लेकर पैकेसिड (एक "झोले-में-अम्ल" उत्पाद) एक आसान, सुरक्षित और अधिक प्रभावी निषेचन प्रक्रिया को सम्भव करता है। इसकी अम्लीय प्रकृति के कारण, पैकेसिड न केवल फसलों में पोषक तत्वों के अवशोषण को बढ़ाता है बल्कि सिंचाई प्रणालियों पर एंटी-क्लॉगिंग (अवरुद्ध नलिकाओं की सफाई) का प्रभाव भी डालता है।आईसीएल अपने कई (पानी में) घुलनशील सूत्रीकरणों में पैकेसिड तकनीक का उपयोग करता है।

पैकेसीड तकनीक के बारे में और जानें

फर्टिगेशन उर्वरक

फर्टिगेशन एक ऐसी तकनीक है जिसके द्वारा फसल उत्पादन बढ़ाने के लिए घुलनशील उर्वरकों को सिंचाई के पानी में मिलाया जाता है। यह पोषक तत्वों के पहुँच, विधि और अवधि को नियंत्रित करने के लिए अत्यधिक प्रभावी और उपयुक्त प्रणाली है। यह मिट्टी की उर्वरता की स्थिति और फसल के विकास चरण के अनुसार सटीक पोषण की आपूर्ति संभव करता है। फर्टिगेशन फर्टिलाइजर टेक्नोलॉजी में आईसीएल स्पेशलिटी फर्टिलाइजर्स विश्व मानक स्थापित करता है। इस तकनीक की मुख्यता इसका अम्लीकरण प्रभाव है जो फसलों को कई प्रकार के लाभ देता है।

फर्टिगेशन उर्वरक तकनीक के बारे में और जानें

लाभ

- केले के अच्छे गुच्छों का बनना
- केले का उचित आकार, गुच्छों का उन्नत वजन और अच्छी गुणवत्ता
- फलों के विकास के लिए अतिरिक्त कैल्शियम

उपयोग की मात्राएं

न्यूनतम औसत	15 किग्रा/एकड़
अधिकतम औसत	25 किग्रा/एकड़

अपनी फसलों की चालकता या अनुपात की आवश्यकताओं के अनुसार समायोजित करते हुए, इस घोल के साथ अपने सिंचाई के पानी की मात्रा बढ़ाएँ। दर, या किसी अन्य मात्रा को बदलने से पहले किसी छोटे पैमाने पर उसका परीक्षण करें, क्योंकि आपकी परिस्थितियां भिन्न हो सकती हैं और हमारे उत्पादों का अनुप्रयोग हम नियंत्रित नहीं कर सकते। ऐसे में आईसीएल को किसी भी प्रतिकूल परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता।

प्रयोग विधि

1. कम पीएच वाले अम्लीय मिट्टी तथा/अथवा उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय मिट्टी पर सीधा प्रयोग करें।
2. विशेष रूप से फर्टिगेशन वाली फसलों के लिए प्रयोग करें
3. शुष्क परिस्थितियों में भण्डारण करें। आंशिक रूप से उपयोग किए गए अथवा क्षतिग्रस्त बैग को ठीक से सील करें

मुख्य रूप से फर्टिगेशन पोषण आपूर्ति व्यवस्था के लिए उपयोग किये जाने के लिए

ध्यान

अपनी फसलों की चालकता या अनुपात की आवश्यकताओं के अनुसार समायोजित करते हुए, इस घोल के साथ अपने सिंचाई के पानी की मात्रा बढ़ाएँ। दर, या किसी अन्य मात्रा को बदलने से पहले किसी छोटे पैमाने पर उसका परीक्षण करें, क्योंकि आपकी परिस्थितियां भिन्न हो सकती हैं और हमारे उत्पादों का अनुप्रयोग हम नियंत्रित नहीं कर सकते। ऐसे में आईसीएल को किसी भी प्रतिकूल परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता।

https://icl-growingsolutions.com/hi-in/agriculture/products/fertiflow-banana-ii/
: 12/05/2024